भारत संचार निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
कार्यालय मुख्य महाप्रबन्धक दूरसंचार
विपणन शाखा, कमरा न0.07, दूरसंचार भवन, लाल कोठी, जयपुर . 302015
दूरभाष न0: 0141.2743316, फैक्स न0.: 0141.2743286

प्रेस विज्ञप्ति **क्रमांक-9**

(19.1.2021)

लैंड्लाइन फोन से मोबाइल पर कॉल करने के लिए अब "0" (जीरो) डायल करना होगा

लैंड्लाइन व मोबाइल के लिए पर्याप्त संख्या में नम्बर उपलब्ध करवाने के लिए ट्राई के सुझाव को मानते हुए दूरसंचार विभाग ने 15 जनवरी 2021 से भारत में लैंड्लाइन डायलिंग पैटर्न के अनुसार अब लैंड्लाइन से 10 डिजिट मोबाइल के पहले "0" डायल करना होगा । यह इंटरस्टेट और इंट्रास्टेट सभी प्रकार के मोबाइल पर लागू होगा।

लैंड्लाइन से मोबाइल पर कॉल करने के लिए डायलिंग प्रीफिक्स "0" को सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा सबसे स्वीकार्य समाधान माना गया है क्योंकि डायलिंग पैटर्न में इस संशोधन से लैंड्लाइन नेटवर्क के आर्किटैक्चर और डेटाबेस में बड़े बदलाव नहीं होंगे।

इस संबंध में राजस्थान परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक श्री संदीप गोविल ने बताया कि इस बदलाव से फ़िक्स्ड कॉल के लिए डायलिंग पैटर्न में कोई बदलाव नहीं होगा। बीएसएनएल ने सभी उपभोक्ताओं को "0" डायलिंग सुविधा प्रदान कर दी है इसमें उपभोक्ता को मोबाइल नंबर डायल करने से पहले "0" डायल करना होगा। इस बदलाव से लगभग 2.544 बिलियन नंबरिंग संसाधन मोबाइल सेवाओं के लिए उत्पन्न होंगे।

बीएसएनएल के लैंड्लाइन उपभोक्ता ,प्लान 249 (ग्रामीण) एवं 329 (अन्य सभी) के माध्यम से किसी भी नेटवर्क पर असीमित कॉल कर सकते हैं एवं अन्य प्लान के उपभोक्ता मात्र 98 के एड ऑन प्लान को शामिल कर किसी भी नेटवर्क पर असीमित कॉल कर सकते हैं।

(विकास चंदेलिया)
जन संपर्क अधिकारी